-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 26.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना गिरवां पुलिस टीम द्वारा गुम/भटकी हुए 05 वर्षीय बच्ची के परिजनों का मात्र एक घंटे के भीतर पता लगाकर बच्ची को सकुशल किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना गिरवां पुलिस द्वारा एक 05 वर्षीय भटकी हुई बच्ची के परिजनों का पता एक घंटे के भीतर लगाकर बच्ची को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 26.06.2026 को थाना गिरवां क्षेत्र के गिरवां तिराहा पर लगभग 05 वर्षीय एक बच्ची रोती हुई मिली। थाना गिरवां पुलिस द्वारा तत्काल बच्ची को अपनी अभिरक्षा में लेकर उससे नाम-पता पूछने का प्रयास किया। बच्ची ने अपना नाम नाजमीन पुत्री तबसील अहमद बताया, लेकिन कम उम्र होने के कारण वह अपना पूरा पता नहीं बता सकी और लगातार रो रही थी। थाना गिरवां पुलिस ने बिना विलंब किए आसपास के लोगों से पूछताछ तथा स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाते हुए बच्ची के परिजनों की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप मात्र 01 घंटे के भीतर बच्ची के परिजनों का पता लगा लिया गया। पूछताछ में बच्ची की माता नाजमीन ने बताया कि वे जनपद चित्रकूट के ग्राम कर्बी की निवासी हैं तथा मोहर्रम का त्यौहार मनाने के लिए थाना गिरवां क्षेत्र स्थित अपने भाई (बच्ची के मामा) के घर आई थीं। इसी दौरान उनकी पुत्री नाजमीन उनसे बिछड़ गई थी, जिसकी वे काफी समय से तलाश कर रहे थे। थाना गिरवां पुलिस द्वारा बच्ची की विधिवत पहचान सुनिश्चित करने के बाद उसे सकुशल उसकी माता के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी पुत्री को सुरक्षित पाकर परिजनों ने थाना गिरवां पुलिस की त्वरित, संवेदनशील एवं मानवीय कार्यवाही की सराहना करते हुए पुलिस का हृदय से धन्यवाद दिया।